तापमान

अधिकतम 39 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 18 जून 2026



12 पंजीकरण शिविर में 394 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ...





12 दुखेड़ी में गली विवाद को लेकर फायरिंग...




## खबर संक्षेप

### प्रो. अनिल एकेडमिक काउंसिल के सदस्य बने

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार मित्तल को प्रोफेसर प्रतिनिधि के रूप में विवि की एकेडमिक काउंसिल का सदस्य मनोनीत किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. अनिल मित्तल को 29 जून 2026 से दो वर्ष के लिए एकेडमिक काउंसिल के सदस्य होंगे।

### प्रो. सुनीता हिंदी विभाग की अध्यक्ष बनीं

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार केयू अधिष्ठाता भाषा एवं कला संकाय प्रो. सुनीता सिरोहा को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक हिन्दी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अपनी नियुक्ति के लिए प्रो. सुनीता सिरोहा ने कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार जताया है।

### डॉ. सुमन चौहान बनीं भूगोल विभागाध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार भूगोल विभाग की प्रो. डॉ. सुमन चौहान को भूगोल विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. सुमन चौहान का कार्यकाल 19 जून से आगामी तीन वर्षों के लिए होगा।

### चेकिंग के दौरान पुलिस और वकील में हाथापाई

**पानीपत।** पानीपत में वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मी और वकील इस्लाम अंसारी की बीच कथित रूप से हाथपाई हो गई। वकील इस्लाम अंसारी अपने साथी एडवोकेट के साथ हुडा सेक्टर 13-17 स्थित पुलिस चौकी के पास से गुजर रहा था। इसी समय वहां नाके पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने उनकी स्कूटी को रुकवा लिया। आरोप है कि स्कूटी रोकने के बाद सुरक्षाकर्मी ने बेहद अभद्र लहजे में उनसे गाड़ी के दस्तावेज दिखाने को कहा। वहीं, बीच सड़क पर दोनों में हुई इस नोकझोंक का वीडियो भी सामने आया है। वकील ने एसपी और डीएसपी को मामले की शिकायत दी है।

### तिहरे हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के गांव डिकाडला निवासी तीन दोस्तों नरेंद्र, अनीप, विनोद की स्कॉर्पियों से कुचलकर हत्या करने के दूसरे आरोपी डिकाडला निवासी तेजबीर उर्फ तेजा को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पुलिस ने बुधवार को आरोपी तेजबीर को कोर्ट से सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जबकि आरोपी मनीष दस दिन के पुलिस रिमांड पर है। उन्होंने दावा किया कि तिहरे हत्याकांड के फरार आरोपियों को भी जल्द पकड़ा जाएगा।

## बुजुर्ग को शराब पिलाकर धोखे से अंगूठा लगवाने के आरोप

# करोड़ों की पुश्तैनी जमीन 10.40 लाख में हड़प ली

### दो रजिस्ट्री के जरिए हुआ पूरा खेल, चोरी छुपे खाता खुलवाकर ट्रांसफर किए पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

बुजुर्ग की लाचारी, अज्ञानता और उनकी शराब पीने की आदत का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की पुश्तैनी जमीन को धोखाधड़ी से अपने नाम कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत और लंबी जांच के बाद मुख्य आरोपी संदीप गोयल, गांव के पूर्व सरपंच हरी बाबू सहित 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ नई भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कक्कड़ माजरा के गुरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की उम्र करीब 75 वर्ष है। वे पूरी तरह अनपढ़ हैं। उन्हें आंखों से बहुत कम दिखाई देता है और कानों से भी कम सुनाई देता है। आरोपियों को पता था कि बुजुर्ग को शाम के समय थोड़ी शराब पीने की आदत है। इसी का फायदा उठाकर गांव के पूर्व सरपंच हरी बाबू और उसके लड़के अमन मित्तल ने दुकान पर बुजुर्ग को जाल में फंसाया।

### आरोपी ने बेटों के खाते में ट्रांसफर किए पैसे

परिवादी ने बताया कि उक्त जमीन मुख्य सड़क (रोड) पर स्थित है। इसकी बाजारी कीमत रजिस्ट्री के समय करीब 3 करोड़ रुपये प्रति एकड़ थी, जो वर्तमान में लगभग 5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ हो चुकी है। आरोपियों ने इस करोड़ों की जमीन की कुल कीमत कागजों में महज 10,40,000 रुपये दिखाई है। धोखाधड़ी को छिपाने के लिए आरोपियों ने बुजुर्ग के नाम पर नारायणगढ़ में एक नया बैंक खाता खुलवा दिया और उसमें चालाकी से पूर्व सरपंच हरी बाबू ने अपना मोबाइल नंबर दर्ज करवा दिया ताकि बैंक से आने वाले एसएमएस अलर्ट सीधे उनके पास जाएं और पीड़ित परिवार को भनक न लगे। इस खाते में 3-3 लाख रुपये के दो चेक लगवाकर पैसे ट्रांसफर दिखाए गए और बाद में आरोपियों ने वह राशि भी अपने लड़कों के खातों में ट्रांसफर कर ली।

### मिली 'गैंगस्टर से मरवाने की' धमकी

पीड़ित परिवार को इस पूरे घोटाले का पता तब चला जब उनके ताया गेजा राम ने उन्हें रजिस्ट्री होने की बात बताई। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो मुख्य आरोपी संदीप गोयल ने उसे और उसके परिवार को झूठे मामलों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी। आरोपी ने धौंस जमाई कि उसका भाई कोर्ट में वकील और वकीलों का प्रधान है इसलिए पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इसके साथ ही पीड़ित को उसके 'गैंगस्टर दोस्तों' से कहकर जान से मारने की धमकी भी दी गई।





लंबी जांच के बाद पूर्व सरपंच समेत 5 पर मामला दर्ज

### अजैब सिंह और प्रदीप फर्जी गवाह बने

रजिस्ट्री नंबर 1165 : इसके तहत गांव बपौली की 3 कनाल 1 मरले 4 सरसाई जमीन संदीप गोयल के नाम की गई। रजिस्ट्री नंबर 1166 में गांव कक्कड़ माजरा की 3 कनाल 6 मरले 07 सरसाई जमीन अपने नाम लिखवा ली। इस प्रकार आरोपियों ने कुल 6 कनाल 8 मरले 2 सरसाई जमीन धोखाधड़ी से हड़प ली। । इस फर्जीवाड़े में अजैब सिंह निवासी जटवाड़ और प्रदीप वासी शकरपु फर्जी गवाह बने।

### मुख्य आरोपी ने मेल-जोल बढ़कार जीता विश्वास

यहां मुख्य आरोपी संदीप गोयल ने बुजुर्ग से मेल-जोल बढ़ाकर उनका विश्वास जीत लिया। शिकायत के अनुसार अक्तूबर 2024 में आरोपियों ने एक सोची-समझी साजिश के तहत बुजुर्ग को शराब पिलाई और झूठ बोला कि हरी बाबू व संदीप को किसी की रजिस्ट्री करानी है, जिसमें केवल गवाह के तौर पर उनके अंगूठे की जरूरत है। आरोपी बुजुर्ग को बहला-फुसलाकर तहसील कार्यालय ले गए और परिवार या रिश्तेदारों को बिना बताए 7 अक्तूबर 2024 को दो फर्जी रजिस्ट्रियां करवा लीं।

## पड़ोसी पर झूठे आरोप लगाकर केस दर्ज करवाने का मामला

# परिवार ने आत्महत्या के लिए ब्रह्मसरोवर में लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

बुधवार शाम को पास के गांव के दंपति ने अपने बेटे के साथ ब्रह्मसरोवर में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना केयूके पुलिस ने मौके पर पहुंची और परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस परिवार ने अपने पड़ोसी पर झूठे आरोप लगाकर केस दर्ज करवाने के आरोप लगाए। इससे पहले पड़ोसी ने मंगलवार को इस परिवार के खिलाफ जबरन जहर पिलाने के आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत सौंपी थी।

पड़ोसी ने सोमवार को फेसबुक पर लाइव आकर सुसाइड करने की धमकी दी थी। साथ ही आरोपी परिवार के नाम सुसाइड नोट में लिखे थे। कोमल ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में बीरबल के साथ हुई थी। शादी के बाद से उनका पड़ोसी के साथ उनका विवाद चल रहा है। आरोप लगाया कि पड़ोसी उनके घर के सामने गोबर और कूड़ा डालता है। कोमल ने आरोप लगाया कि पड़ोसी ने उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट का झूठा केस दर्ज करवा दिया।



कुरुक्षेत्र। परिवार को समझाते एसएचओ सुरेंद्र कुमार।

### पुलिस कर रही मामले की जांच : सुरेंद्र कुमार

थाना केयूके इंचार्ज सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को जबरन जहर देने के आरोप की शिकायत मिली थी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शुरूआती जांच में जहर देने वाली जगह की जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन कोई तथ्य सामने नहीं आया है। मामले में खुद को पीड़ित बताने वाले पक्ष को जांच के लिए बुलाया था, लेकिन कोई सामने नहीं आया। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि संबंधित परिवार की ओर से गांव के लोगों के खिलाफ काफी शिकायतें दी गई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार लूटकांड में दिल्ली पुलिस का हेड कांस्टेबल भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिहोवा के हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर अरुणाय गांव के पास हुए कार लूटकांड में पुलिस जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मामले में दिल्ली पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल अजय की संलिप्तता सामने आई है। अजय कैथल जिले के जखौली गांव का निवासी है और उसे पूंडरी के पास से गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने लूट, हत्या और रंगदारी की वारदातों को अंजाम देने के लिए गैंग बनाया था। मुख्य आरोपी विशाल और निखिल उर्फ नकुल ने जर्मनी में रहते हुए इसकी योजना बनाई थी। 12 जून की रात गैंग ने अंबाला के टैक्सी चालक मंजीत कुमार की होंडा सिटी कार किराए पर बुक की। पिहोवा के पास अरुणाय कट पर आरोपियों ने पेशाब का बहाना बनाकर कार रुकवाई और देसी कट्टे के बल पर चालक को नीचे उतारकर कार व मोबाइल फोन लूट लिया।बाद में आरोपी कार को हिसार के बरवाला ले गए, जहां वाहन खेत में फंस गया। इसके बाद वे कार छोड़कर फरार हो गए।

### 6 आरोपी पहले ही गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने 6 आरोपियों गिरफ्तार कर लिया। इनमें निखिल निवासी ढांड, अभिषेक निवासी कसान, अजय निवासी जखौली जिला कैथल, जसकरण निवासी सिंगपुरा, कमलजीत सिंह उर्फ कमली निवासी सिंगपुरा और रोहित कुमार निवासी कुराली जिला मोहाली को पहले पकड़ लिया था। निखिल ने लूट की वारदात की योजना बनाई थी और हथियार दिए थे।

### नौकरी दिलाने के बहाने लॉ की छात्रा के साथ किया रेप, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** जिले में नौकरी दिलाने के बहाने छात्रा के साथ के साथ रेप मामला सामने आया है। युवती ने आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं किए जाने पर युवती ने कोर्ट के जरिए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया। युवती की शिकायत के मुताबिक, वह लॉ की स्टूडेंट है और उसके पिता इंडियन आर्मी में ऑफिसर है। पिछल साल 14 नवंबर को युवक नितिन ने उसे कंपनी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। नितिन ने उसे डॉक्यूमेंट लेकर बहाने से शाहाबाद के होटल में बुलाया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। आरोप लगाया कि आरोपी नितिन ने उसके साथ रेप किया। साथ ही आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया।

अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप युवती ने कोर्ट के जरिए आरोपी के खिलाफ केस

# पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रादौर के छोटा बांस क्षेत्र में एनडीपीएस के आरोपी को पकड़ने आई असंध की सीआईए टीम पर हमला करने के मामले में रादौर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार असंध के सीआईए यूनिट के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एनडीपीएस का आरोपी इंद्री निवासी राजेंद्र इस समय छोटा बांस स्थित डेहा बस्ती में मौजूद है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। इस दौरान जब टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया तो आरोपी भीम, काला, गुरुनाम, सुखबीर, गट्टू, महिपाल, नीतू, तालीम, प्रदीप, सूरज, सिक्का, फरमान, रघुवीर, बिल्ला नंबरदार व दर्शन आदि ने पुलिस टीम पर ईंट व पत्थरों से हमला कर दिया और आरोपी राजेंद्र को छुड़ाकर ले गए।

असंध की सीआईए पुलिस टीम पर इंटों व पत्थरों से हमला कर एनडीपीएस के आरोपी को पुलिस से छुड़ा ले गए थे आरोपी

हमले में पुलिस गाड़ी के शीशे टूट गए तथा दो कर्मचारी इंटे लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने मौके से भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ 115, 121, 132, 190, 191(3), 221, 324, 351 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।





पानीपत। पानीपत कोऑपरेटिव बैंक कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

# सहकारी बैंक कर्मचारियों ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत कोऑपरेटिव बैंक कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जुलूस निकाल कर जिला सचिवालय पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है। आंदोलनकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि तीन जुलाई तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा के आवास का घेराव करेंगे। वहीं, आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों के वेतन में आ रही विसंगतियों को दूर करने व लंबे समय से रुके हुए प्रमोशन के मामले का स्थाई हल करने की मांग की है। आंदोलनकारियों को प्रधान विजेन्द्र छौक्कर, महासचिव जगत सिंह, सह सचिव कर्मबीर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बलकार सिंह व कैशियर रमेश आदि ने संबोधित किया।

# हरियाणवी बॉक्सर नीरज गोयत को रशियन मुक्केबाज ने मारा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- मॉस्को में दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई नोकझोंक
- टीम सदस्यों को करना पड़ा बीच-बचाव

यमुनानगर के रहने वाले अंतरराष्टीय बॉक्सर नीरज गोयत और रूसी मुक्केबाज मार्क उरवानोव के बीच होने वाले मुकाबले से पहले माहौल गर्मा गया। रूस की राजधानी मॉस्को में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फेस ऑफ के समय रूसी बॉक्सर ने नीरज गोयत को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और सुरक्षा कर्मियों व टीम सदस्यों को बीच-बचाव करना पड़ा।

घटना के बाद गुस्से में नीरज गोयत ने कहा कि अब मामला पर्सनल हो गया है। आई विल किल यू इन दा रिंग। बाद में उन्होंने घटना का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी सांझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि अब यह सिर्फ खेल नहीं, बल्कि व्यक्तिगत चुनौती बन चुकी है। नीरज गोयत के सोशल मीडिया मैनेजर सचिन ने बताया कि 18 जून को होने वाली बॉक्सिंग चैंपियनशिप से पहले गत मंगलवार को मॉस्को में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इसमें नीरज गोयत और मार्क उरवानोव समेत अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। सचिन के अनुसार प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मार्क उरवानोव ने भारतीय बॉक्सरों को लेकर कई तंज कसे।

## कारोबारियों की चिंता बढ़ी, मानसून सिर पर, हाईकोर्ट से लगाई हस्तक्षेप की गुहार

# दीवार के निर्माण में 230 पेड़ों का फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला छावनी के एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया को बाढ़ से बचाने के लिए दीवार के निर्माण में पेंच फंस गया है। इसकी वजह से कारोबारियों की मुसीबत बढ़ती दिख रही है। बरसाती सीजन सिर पर है लेकिन अभी तक एरिया को बाढ़ से बचाने के लिए बनाई जा रहे रिटेनिंग वाल (दीवार) का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। कारोबारियों की मानें तो 230 यूकेलिप्लट्स के पेड़ दीवार के निर्माण में मुश्किल बन रहे हैं। इन पेड़ों की कटाई को लेकर अब कारोबारियों ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। दरअसल पिछले साल बरसाती सीजन में बाढ़ के पानी से कारोबारियों कने भारी नुकसान पहुंचाया था। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जुड़े ज्यादातर कारोबारी इस बार बरसाती पानी से बचाव की कसरत कर रहे हैं। बाढ़ को रोकने के लिए एक दीवार का निर्माण किया जा रहा है। मगर अब दीवार का निर्माण कार्य भी पेड़ों की वजह से लटका हुआ है।



फाइल फोटो

### दो किलोमीटर लंबी बनेगी दीवार

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी औद्योगिक क्षेत्र को बाढ़ के पानी से बचाने के लिए चारों ओर 16.35 करोड़ रुपए की लागत से कंकरीट की दीवार बनाई जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार से 16.35 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल गई है। मंत्री ने खुद कारोबारियों को बताया था कि इंडस्ट्री एरिया को बाढ़ के पानी से बचाव के लिए कुल दो किलोमीटर लंबी चारदिवारी बनाई जाएगी। यह दीवार मजबूत आरसीसी से बनेगी जिसका लेवल सड़क से छह फुट ऊंचा होगा। इंडस्ट्री एरिया में पानी निकालने के लिए दो अतिरिक्त पंप सेट भी लगाए गए हैं जबकि पहले भी दो पंप सेट लगे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### देवी मंदिर इंद्री में 21 को लगेगा रक्तदान शिविर

**इंद्री।** सूर्या रोशनी लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 21 जून दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक इंद्री के देवी मंदिर में किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक कपिल किशोर, गगन सिंगला, एच एल तिवारी,नवनीत कुमार, प्रमोद कुमार, विपिन शर्मा,अमन कुमार, वैभव सिंगला, नितिन गांधी, राकेश गर्ग, हिमांशु जिंदल,हिमांशु भाटिया, विपिन लुथरा, संजीव मालिक और चिराग मेहता ने दी। उन्होने बताया कि 18 साल से 65 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है और शिविर मे सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में सामान चोरी

**इंद्री।** इंद्री के गांव समोरा स्थित जास्ट मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान के ताले तोडक़र अज्ञात चोरों ने रिपेयरिंग के लिए आए करीब 25 हजार रुपए के मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान संचालक विपिन कुमार ने इंद्री पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव समोरा में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है जो कि उसने किराए पर ली हुई है। मंगलवार सुबह दुकान मालिक का फोन आया कि उसके दुकान के ताले टूटे हुए हैं जब वे मौके पर पहुंचे तो दुकान के ताले व शीशे टूटे हुए थे और दुकान से मरम्मत के लिए आए 6 से 7 मोबाइल, रिपेयरिंग उपकरण, 15-16 मोबाइल फोल्डर ,इयरबड, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव व मोबाइल बैटरी जैसी एसेसरीज गायब थीं। जो अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। उन्होने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत लगभग 25 हजार रुपये है।

### वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जांच एवं माप शिविर 22 से

**थानेसर।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसाइटी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला रेडक्रॉस शाखा द्वारा जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जांच एवं माप शिविरों का 22 जून से 26 जून तक आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का आयोजन 22 जून को शाकुंभरी देवी मंदिर शाहबाद, 23 जून, अनाज मंडी धर्मशाला लाडवा, 24 जून नगरपालिका कार्यालय पिहोवा, 25 जून को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इस्माइलाबाद तथा 26 जून को रेड क्रॉस भवन कार्यालय सेक्टर 13 कुरुक्षेत्र में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क जांच एवं माप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### केयू पीजी में 3276 सीटों के लिए आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार केयू के पीजी पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवदेन की अंतिम तिथि 18 जून है। अभी तक पीजी पाठ्यक्रमों में 3276 सीटों के लिए कुल 7388 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।एमसीए, एमबीए, एलएलबी, एमए अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी रसायन विज्ञान और मनोविज्ञान सहित अन्य विषयों में विद्यार्थियों ने दाखिले में सर्वाधिक रुचि दिखाई है।

## सेक्टर-12 में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर जारी

# योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा का प्रतिभागियों ने लिया संकल्प

- योग शिविर में123 प्रतिभागियों ने लिया योग प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि "योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा राज्य" तथा " स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" थीम के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क के योग शेड में 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर-11 के पार्षद संजीव मेहता, वार्ड नंबर-2 की पार्षद बेबी पाल और वार्ड नंबर-1 की पार्षद सुदेश रानी उपस्थित रहे।



करनाल। सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में योगाभ्यास करते प्रतिभागी।

उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने का संदेश दिया। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ एवं हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने प्रणव उच्चारण और प्रार्थना मंत्र के साथ प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। वहीं मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक एवं निदेशक दिनेश गुलाटी ने योग जॉगिंग और सूर्य नमस्कार सहित विशेष अभ्यास करवाए। डॉ. अमित पुंज ने कहा कि योग का अंतिम लक्ष्य मोक्ष अथवा कैवल्य की प्राप्ति है। महर्षि पतंजलि द्वारा बताए गए अष्टांग योग के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकसित होता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन रोहिला ने बताया कि आज कुल 123 प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं हरित योग अभियान के तहत आयुष विभाग द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों में 284 पौधों का रोपण और वितरण किया गया।

**आगामी कार्यक्रम**

जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने बताया कि 18 जून को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन होगा, जबकि 19 जून को नई अनाज मंडी करनाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पायलट रिहर्सल आयोजित की जाएगी। 21 जून को जिला स्तरीय भव्य योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा।

## हरियाणा मिल्क फूड श्रमिक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन



करनाल। हरियाणा मिल्क फूड श्रमिक संघ के प्रांतीय अधिवेशन में नवनिर्वाचित

- भूपेंद्र सिंह संधू बने प्रदेश अध्यक्ष, श्रमिक हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा मिल्क फूड श्रमिक संघ का प्रांतीय अधिवेशन सेवा भारती श्री सेवा श्री आश्रम, अर्जुन गेट में आयोजित किया गया। अधिवेशन में अंबाला, रोहतक, बल्लभगढ़ और कुरुक्षेत्र इकाइयों के कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह संधू ने की।

अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा प्रदेश के महामंत्री हवा सिंह और अखिल भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ जिला मंत्री कंवरपाल और सुरेंद्र प्योंत भी मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। भूपेंद्र सिंह संधू को प्रदेश अध्यक्ष, जितेंद्र हुड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष, अमन कुमार और प्रमोद कुमार को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार चतुर्वेदी को प्रदेश महासचिव, कृष्ण दहिया, रोहताश कुमार और सोहनलाल को प्रदेश सचिव बनाया गया।सचिन सैनी को कोषाध्यक्ष, कंवरपाल को संगठन मंत्री, अमनदीप शर्मा को प्रेस सचिव, सुनील यादव को कार्यालय सचिव और मोनिका वर्मा को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

# खाद विक्रेताओं का बड़ा फैसला जबरन टैगिंग पर लगेगी रोक

- किसानों के हित में घटिया उत्पाद नहीं बेचने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

जिला करनाल फर्टिलाइजर पैसटिसाईडज एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन तथा जिले के सभी खाद थोक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक महाराजा अग्रसेन भवन, सेक्टर-8 में एसोसिएशन के प्रधान राम कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिले के सभी थोक खाद विक्रेताओं, ब्लॉक प्रधानों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।



करनाल। बैठक में मौजूद जिला करनाल फर्टिलाइजर पैसटिसाईडज एवं सीड ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व खाद विक्रेता।

बैठक का मुख्य उद्देश्य खाद विक्रेताओं और डीलरों के बीच बेहतर समन्वय और सद्भाव स्थापित करना रहा। डीलरों की मांग पर सभी थोक विक्रेताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि भविष्य में कोई भी थोक विक्रेता सब-स्टैंडर्ड उत्पादों की खाद के साथ जबरन टैगिंग नहीं करेगा।

एसोसिएशन के पूर्व प्रधान राधेश्याम राणा द्वारा उठाई गई मांग पर थोक विक्रेताओं ने यूरिया का रेट एक समान रखने तथा अन्य कंपनियों के उत्पादों के दाम भी उचित स्तर पर रखने पर सहमति जताई। थोक खाद विक्रेता रमेश ग्रोवर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समन्वय और तालमेल समय की आवश्यकता है। एसोसिएशन के चेयरमैन अमित गोयल ने कहा कि एसोसिएशन को हरियाणा सरकार के समक्ष कंपनियों द्वारा की जाने वाली टैगिंग पर रोक लगाने की मांग उठानी चाहिए।

### सड़क हादसे में मदद करने वालों को मिलेगा सम्मान

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से देवीलाल चौक और मेरठ रोड अंडरब्रिज पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान ट्रैफिक पार्क सेक्टर-7 करनाल की टीम और पुलिस स्टेशन हाईवे करनाल की टीम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। वाहन चालकों, राहगीरों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने के लिए प्रेरित किया। आमजन को राहवीर योजना के बारे में भी जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल की गोल्डन ऑवर के दौरान सहायता करने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाता है।

# राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

- बीडीपीओ कार्यालय में लगाया गया जन कल्याण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंद्री

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इंद्री के बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में दूसरे दिन शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीकरण किया गया और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉल्स के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दूसरे दिन बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंच कर सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने बताया कि इन जन कल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाते हुए एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे और उन्हें लाभान्वित किया जा सके।




इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में लगे शिविर में समस्या लेकर पहुंचा ग्रामीण।

# केंद्र के 12 साल पूरे होने पर जन कल्याण शिविर

- कश्यप ने डाला केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जन कल्याण शिविर में इंद्री के विधायक एवं मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस मौके पर पिछले 12 सालों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही लोगों से 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। कश्यप ने सर्वप्रथम स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राष्ट्रीय गीत व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की 12 साल की मुख्य उपलब्धियों पर डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। विधायक श्री कश्यप ने कहा कि यह व्यवस्था परिवर्तन का नतीजा है कि आज केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर गरीबों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना के तहत देश में 58.15 करोड़ खाते खोले गए हैं। लाभार्थियों के खाते में 45 लाख करोड़ की राशि स्थानांतरित की गई है।

### गोली चलाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** रविवार सुबह कुरुक्षेत्र के गांधी नगर के पास दो युवकों पर गोली चलाने के दो आरोपियों को कुरुक्षेत्र पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। मंगलवार देर रात टीम ने नैशनल हाइवे-44 पर रतनगढ़ के पास निमार्णाधीन जाट भवन के पास आरोपियों के पैरों में गोली मारकर काबू किया है। आरोपियों की पहचान टोनी वासी गांधी नगर व कपिल वासी छोटा बाजार थानेसर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है। रविवार सुबह करीब 3 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गांधी नगर के पास कार सवार युवक ने दो युवकों पर गोली चलाकार भाग गए हैं। पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन आफ क्राईम को मौका बुलाकर छानबीन की गई।

# तरावड़ी में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर 20 से

- योग विशेषज्ञ दिनेश गुलाटी प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाएंगे

**तरावड़ी।** शहरवासियों के लिए स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20, 21 और 22 जून को इको सिटी पार्क, तरावड़ी में आयोजित होगा।

शिविर में योग विशेषज्ञ दिनेश गुलाटी, डॉ. मनोज मित्तल तथा अन्य अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया जाएगा और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भगवान दास कबीरपंथी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हंस राइस मिल के एमडी प्रदीप गुप्ता करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में वीरेंद्र बंसल चेयरमैन, तरावड़ी, राजीव नारंग वाइस चेयरमैन, मार्केट कमेटी और सुभाष गुप्ता प्रधान, नई अनाज मंडी उपस्थित रहेंगे। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत इको सिटी पार्क में प्रतिदिन प्रातः 5:00 बसे 7:00 बजे तक निःशुल्क योग कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। इनमें योग शिक्षक मनोज कामरा समाज सेवा की भावना से निस्वार्थ रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### महाराणा प्रताप के आदर्श आज भी प्रासंगिक



युक्तधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

**नीलोखेड़ी।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की ऐसी मिसाल पेश की, जो आज भी समाज को प्रेरित करती है। उन्होंने यह बात संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय युक्तधारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों के साथ महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया तथा कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि युक्तधारा पोर्टल ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की वैज्ञानिक और तकनीकी निगरानी का प्रभावी माध्यम बनेगा। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के समन्वयक कमलदीप सांगवान ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को युक्तधारा पोर्टल और जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान से आए अनिल कुमार ने कहा कि आधुनिक तकनीक और भू-स्थानिक आंकड़ों का प्रभावी उपयोग ग्रामीण विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता

### शहर में बढ़ते बेसहारा पशु बने परेशानी का कारण



**तरावड़ी।** शहर में लगातार बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ये पशु दिनभर गलियों और बाजारों में घूमते रहते हैं, जिससे न केवल यातायात प्रभावित होता है बल्कि वाहन चालकों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए भी खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ये पशु अचानक राह चलते लोगों पर हमला कर देते हैं, जिससे चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। वहीं, मोहल्लों की स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। बेसहारा पशु गलियों में गंदगी फैलाते हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण का सामना करना पड़ता है। मजबूरी में लोग इन्हें भगाने के लिए डंडों का सहारा लेते नजर आते हैं। शहरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि इन बेसहारा पशुओं को पकडक़र गौशालाओं में छोड़ा जाए, ताकि शहर में व्यवस्था बनी रह सके और लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में नगर पालिका के सचिव अजीत कुमार ने बताया कि प्रशासन समय-समय पर बेसहारा पशुओं को पकडने के लिए अभियान चलाता रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले अभियान के दौरान काफी संख्या में पशुओं को पकडक़र गौशाला में छोड़ा गया था। अब एक-दो दिन में फिर से विशेष अभियान चलाकर शेष पशुओं को भी पकडक़र गौशाला में छोड़ा जाएगा।

## तरावड़ी में दूर-दराज से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# श्री मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में बढ़ रही आस्था

- दिनभर भजन-कीर्तन व पूजा-का चलता रहता है सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी

शहर के मेन बाजार स्थित अग्रवाल सभा के श्री मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेषकर प्रत्येक मंगलवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है, जहां लोग दूर-दूर से पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं।

पुरुषोत्तम माह और ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवारों के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग जाती हैं और दिनभर भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहता है। श्रद्धालु यहां आकर न केवल दर्शन करते हैं बल्कि अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष रूप से मन्नत भी मांगते हैं।



मंदिर के पुजारी पंडित विष्णु प्रसाद ने बताया कि इस मंदिर के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी के इस पावन धाम में जो भी सच्चे मन से अपनी इच्छा लेकर आता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि आज यह मंदिर मनोकामना सिद्ध के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। पंडित विष्णु प्रसाद ने आगे बताया कि पहले जहां केवल स्थानीय श्रद्धालु ही आते थे, वहीं अब आसपास के गांवों और दूर-दराज के शहरों से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। हर मंगलवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। खास बात यह है कि अब युवा पीढ़ी की भागीदारी भी काफी बढ़ी है, जो धार्मिक आस्था के प्रति सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु विभिन्न प्रकार की मन्नतें मांगते हैं—कोई रोजगार के लिए, कोई स्वास्थ्य के लिए तो कोई विदेश जाने के लिए। हाल ही में एक श्रद्धालु ने विदेश जाने की इच्छा पूरी होने की कामना से हनुमान जी के समक्ष एक जहाज का प्रतीक भेंट किया, जो लोगों की अटूट श्रद्धा को दर्शाता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यहां मांगी गई हर सच्ची मन्नत पूरी होती है।

एक श्रद्धालु ने बताया कि उसने कुछ समय पहले यहां आकर अपनी एक मनोकामना रखी थी, जो पूर्ण हो गई। तभी से वह हर मंगलवार मंदिर में हाजिरी लगाने आता है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर समिति द्वारा समय-समय पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

### दुराचार मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**करनाल।** दलित अधिकार मंच हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक में कुरुक्षेत्र स्थित एलएनजेपी सरकारी अस्पताल में दलित युवती के साथ हुए कथित दुराचार के मामले की कड़ी निंदा की गई। मंच के पदाधिकारियों ने पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने तथा मामले के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक एवं राज्य कमेटी सदस्य ओमप्रकाश सिहमार, सह संयोजक तेलूराम और अशोक कुमार ने कहा कि जिस डॉक्टर पर पहले भी महिलाओं और युवतियों के साथ यौनाचार के आरोप लग चुके हों, उसे सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति दिए जाने की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण देने वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### श्री रघुनाथ मंदिर का स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** श्री रघुनाथ मंदिर स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने इस मौके पर समाज सेवा तथा धार्मिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर वेद बंगा, रमेश माटा, तिलक छाबड़ा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु, गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रवेश टेस्ट 28 को

**पानीपत।** विद्यामंदिर क्लासेज कोचिंग संस्थान जो जेईई (मेन व एडवांस), नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है ने अपने फ्लैगशिप टेस्ट यानी एनएटी के लिए तैयार है जिसके जरिए छात्र एडमिशन और स्कॉलरशिप पा सकेंगे. ये टेस्ट 28 जून को होगा जिसके जरिए देशभर के अच्छे छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा और उनकी परफॉर्मेंस के लिए रिवॉर्ड भी दिया जाएगा. यह स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें शैक्षिक सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए आयोजित किया जाएगा।

### भारत विकास परिषद ने योग कैंप लगाया

**पानीपत।** भारत विकास परिषद की पानीपत शाखा द्वारा हुडा सेक्टर 12 स्थित ग्रीन पार्क में आयोजित शिविर में भारतीय योग संस्थान के संगठन मंत्री दीपक सचदेवा ने योग करवाया। कैंप में दीपिका, नीतू, डा.प्रेम आनंद, भारत विकास परिषद की संयोजक शिप्रा बठला, अध्यक्ष पवन गुप्ता, सचिव अमन मित्तल, कोषाध्यक्ष अनुज गोयल आदि उपस्थित रहे।

### गीता जिओ पार्क में सफाई अभियान चलाया

**पानीपत।** गीता जिओ पार्क हुडा सेक्टर 17 में सुबह सैर करने वालों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वहीं, पार्क के सौंदर्यकरण के लिए बजट आता है, लेकिन पार्क में सफाई नहीं होती और न ही हरियाणली की देखभाल होती है। पार्क में सैर करने वाले नागरिकों ने उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ से पार्क की उचित देखभाल करवाने की अपील की है।

### लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**पानीपत।** भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव नगला पार में विशेष कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति शर्मा तथा जिला परिषद वार्ड 13 के प्रतिनिधि विपिन पांचाल ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों को केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बलिंदर, पिंकी सरपंच, रामवीर सरपंच, विशाल फौर नगला पार, कमल संधू, जगबीर आर्य, संदीप देशवाल, रविंद्र, रणधीर, पुरूषोतम, बस्तीराम व शाहिद आदि ग्रामीणों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य शिविर में लोगों की आंखों को जांचा

**पानीपत।** श्री राम सेवा दल द्वारा संचालित मेडिकल विंग के अंतर्गत राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी, श्री राम धर्मशाला बरसत रोड, नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन करनाल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.प्रियांशी ने अपनी टीम के साथ 86 व्यक्तियों की आंखें जांची। कैंप में श्री राम सेवा दल के चेयरमैन भूषण मदान, प्रधान हरबंस आनंद, गौरव छोकरा, रामस्वरूप चावला, राकेश आनंद, नरेश आनंद, राजन छोकरा, कमल छाबड़ा, सुमित वधवा व अविनाश इश पुनानी आदि उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में मारपीट में दो कारें क्षतिग्रस्त, केस

पानीपत। पानीपत के अर्जुन नगर में पैसों के लेनदेन और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में कई लोग घायल हुए और दो कारों को क्षति पहुंचाई गई। मारपीट के दौरान कार के डैशबोर्ड से 18 हजार रुपए की नकदी भी गायब हो गई। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

### मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस का कड़ा प्राहर, आमजन से भी मांगा सहयोग

# हरियाणा में नशा तस्करी को जड़ से खत्म करेंगे : डीआईजी दलाल

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गीता यूनिवर्सिटी के सभागार में दिलाई नशामुक्ति की शपथ**



पानीपत। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीआईजी सुनील दलाल संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### खास बातें

- पुलिस का लक्ष्य प्रदेश से नशे जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करना
- अब तक स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 3500 से अधिक ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार किया और 1500 से अधिक एफआईआर दर्ज की
- नशे के खिलाफ लड़ाई में आमजन से आगे आने की अपील कर रहा पुलिस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पानीपत पुलिस के सहयोग से गीता यूनिवर्सिटी के सभागार में बुधवार को नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीआईजी सुनील दलाल ने सभागार में मौजूद विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व आसपास के गांवों के सरपंचों व मौजिज व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही नशे को जड़ से खत्म किया जा सकता है। वहीं, हरियाणा सरकार और पुलिस विभाग द्वारा नशे के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए गए हैं और उनकी कमर तोड़ने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य इस अवैध कारोबार को जड़ से समाप्त करना है। इसके लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल की प्रेरणा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार के मार्गदर्शन में स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो तथा जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 3500 से अधिक ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा 1500 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। वहीं, नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस, प्रशासन या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पीआरओ आउटरीच राजीव रंजन ने कहा कि युवाओं को स्वयं नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। कार्यक्रम में रिफाइनरी के डीजीएम सुरेश, हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डीएसपी हरविंदर, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी आत्माराम, डीएसपी सुरेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

#### युवाओं को नशे से दूर रहने की नसीहत

पानीपत के पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य और समाज की सबसे बड़ी ताकत है। युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, सामाजिक गतिविधियों तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भागीदारी करेंगे तो एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा। युवाओं की जागरूकता और सकारात्मक सोच ही 'ड्रग फ्री हरियाणा' अभियान को सफल बनाएगी।

---

## तेल की लिमिट तय करना जनविरोधी निर्णय : डॉ. नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



इनेलो के राष्ट्रीय सचिव डॉ.नवीन नैन भालसी ने हरियाणा सरकार द्वारा पेट्रोल पर 50 लीटर एवं डीजल पर 200 लीटर की सीमा निर्धारित किए जाने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की है।

डॉ. नैन ने कहा कि इस निर्णय से आम जनता, व्यापारी वर्ग, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय, किसान, पेट्रोल पंप संचालक एवं अन्य सभी वर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.अभय सिंह चौटाला की गाड़ी में ईंधन भरवाने को लेकर उत्पन्न घटनाक्रम ने सरकार की गलत नीतियों को उजागर कर दिया है। इनेलो प्रदेश भर में इस फैसले का विरोध कर रही है तथा सरकार से मांग करती है कि इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए।



पानीपत। हैल्पेज ऑर्फन्स के पदाधिकारी राहगीरों को तरबूज बांटते हुए।

### गुरुद्वारे के बाहर दो हजार लोगों को तरबूज बांटा

**पानीपत।** हैल्पेज ऑर्फन्स ने श्री गुरु राम दास सिंह सभा गुरुद्वारा मॉडल टाउन के बाहर तरबूज वितरण शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट आहार के बैनर तले किया। जिसमें लगभग दो हजार लोगों को मुफ्त तरबूज खिलाया गया। हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि तरबूज वितरण का सिलसिला वर्ष 2019 से चल रहा है। संस्था की चीफ क्रिएटिव अफसर डा.अनु कालरा व सह सचिव अर्जुन काठपाल ने बताया कि इस तरह का अनोखा आयोजन पूरे पानीपत जिले में सिर्फ हैल्पेज ऑर्फन्स कर रही है। इस अवसर पर हैल्पेज ऑर्फन्स से गगन दीप सिंह, विवेक सचदेवा, तरुण रहेजा, नीतू जैन, विशाल गर्ग, कमल चानना, विनीत मेहंदीरत्ता, सनव गांधी व वैभव छाबरा आदि मौजूद रहे।

---



पानीपत। पानीपत के तहसील कैंप में स्वच्छता अभियान चलाते भाजयुमो के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## भाजयुमो ने स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे बारह साल बेमिसाल –स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पानीपत जिला के शहरी मंडल क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित पंडित के नेतृत्व में आयोजित किया गया। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज तहसील कैंप मंडल के ग्रीन पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में पार्षद जयदीप अरोड़ा, हरीश कटारिया, परवीन मदान, संदीप कश्यप, वैभव शर्मा, सागर खुराना, मोहित शर्मा, पवन सैनी, गुरदत्त सहित भाजपा युवा मोर्चा एवं पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### केयू पीजी में 3276 सीटों के लिए आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार केयू के विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवदेन की अंतिम तिथि 18 जून है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अभी तक पीजी पाठ्यक्रमों में 3276 सीटों के लिए कुल 7388 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एमसीए, एमबीए, एलएलबी, एमए अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी रसायन विज्ञान और मनोविज्ञान सहित अन्य विषयों में विद्यार्थियों ने दाखिले में सर्वाधिक रुचि दिखाई है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में 557, एमबीए (बजटेड) में 533, एलएलबी (प्रोफेशनल) में 531 तथा एमबीए (सेल्फ फाइनेंस) में 311 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## नीट परीक्षा में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी : शिक्षा मंत्री ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बुधवार को पानीपत के सेक्टर 13-17 स्थित भाजपा कार्यालय श्याम कमल में जनता दरबार का आयोजन कर जनसुनवाई की। मंत्री ढांडा ने जनता की शिकायतों को निराकरण के लिए संबंध विभागाध्यक्षों भेजा है। वहीं, मंत्री ढांडा ने कहा कि पानीपत शहरी सीट से भाजपा विधायक प्रमोद विज द्वारा महिला कॉलेज बनाने की मांग पूरी की गई है, कॉलेज बनने से बेटियों को शिक्षित होने में आसानी होगी। पानीपत में गर्ल्स कॉलेज का निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा। मंत्री ढांडा ने कहा कि 21 जून को होने जा रही नीट परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की चूक या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने सुरक्षा और पारदर्शिता के लिहाज से सभी कड़े इंतजाम पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कांग्रेस को धड़ा पार्टी यानि गुटों की पार्टी करार देते हुए कहा कि कांग्रेसियों की गुटबाजी की दीमक स्वयं ही कांग्रेस धीरे धीरे खत्म कर रही है। वहीं, शिक्षा मंत्री ढांडा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन पर माफी मांगने के बयान पर कहा कि दुष्यंत को अपनी कार्यशैली पर आत्ममंथन करने की जरूरत है।

---



पानीपत। डीईओ राकेश बूरा के साथ पेंटिंगस का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर से बताई सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे राज्यव्यापी प्रचार अभियान के तहत जिला शिक्षा विभाग ने बीआरसी हॉल पानीपत में ऑन द स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की। केंद्र एवं राज्य सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां एवं जनकल्याणकारी योजनाएं विषय पर राजकीय व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रचनात्मक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीईओ राकेश बूरा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता और जागरूकता बढ़ाती हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल ने किया।

## प्रत्येक पात्र तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ : सुमन सैनी

**उपाध्यक्षा ने विभिन्न विभागों के लगाए स्टॉल व प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। प्रदर्शनी को देखतीं राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। केंद्र व हरियाणा सरकार की नियत व नियति दोनों साफ है। जिससे देश व प्रदेश का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है। सरकार का संकल्प है कि गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा या बुजुर्ग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने शिवाला रामकुंडी लाडवा में आयोजित जन कल्याण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित करके जन कल्याण शिविर का उद्दघाटन किया। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने अवलोकन किया गया। इसके साथ ही उनसे क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे कार्यों व योजनाओं के दिए जा रहे लाभ के बारे में जानकारी ली।



पानीपत। श्री हनुमान मंदिर में उपायुक्त डा.हरीश वशिष्ठ का अभिनंदन करते हुए कमल नयन वर्मा आदि। फोटो : हरिभूमि

## हनुमान मंदिर कमेटी ने डीसी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री हनुमान मंदिर, फतेहपुरी चौक में उपायुक्त डा.हरीश वशिष्ठ ने भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर के हनुमान भक्तों एवं पदाधिकारियों ने उनका स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा पटका पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने उपायुक्त का अभिनंदन करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर शिक्षाविद्, साहित्यकार, अभिनेता कमल नयन वर्मा कृष्ण खट्टर, महेंद्र गंगवानी मिंटू, सतीश शर्मा, पवन गंगवानी, कविता शर्मा, कोमल व पम्मी आदि रहे।

---

### सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर समालखा में की साफ-सफाई

**समालखा।** भाजपा समालखा मंडल द्वारा मोदी सकरार के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में गौशाला में सफाई अभियान चलाकर पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने की। इस अवसर पर चेयरपर्सन जिला परिषद ज्योति शर्मा, जगबीर आर्य, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुभाष कुहाड़, संदीप गाहल्यान, विधायक प्रतिनिधि जसराज भट्टी, नरेंद्र शर्मा, रॉकी वर्मा, सुशील जिंदल, राधेश्याम जिंदल, जय भगवान, बलवीर, शीतल नेगी, अशोक रोहिल्ला, हरीश महिंद्रा आदि उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला सचिवालय परिसर में लगाई गई जनकल्याण प्रदर्शनी इन दिनों आमजन के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास की एक जीवंत दस्तावेज है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने बताया कि प्रदर्शनी को आमजन का उत्साहजनक प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मात्र तीन दिनों में 800 से अधिक नागरिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर चुके हैं।

### चाचा पर छेड़खानी का केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की कुटानी रोड पर एक सगे चाचा विक्रम पर अपनी ही 17 वर्षीय नाबालिग भतीजी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी चाचा के खिलाफ सख्त कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत शुगर मिल के ग्रीन ब्रांड एंबेसडर बने ग्रीनमैन प्रो. दलजीत

## पर्यावरण संरक्षण के लिए मिला यह सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। शुगर मिल के एमडी नवदीप नैन, प्रो. दलजीत को ग्रीन ब्रांड एंबेसडर मनोनीत करते हुए।

दी पानीपत सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास, वृक्षारोपण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में प्रेरणादायी योगदान को देखते हुए ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास), देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज, पानीपत को संस्थान का आधिकारिक 'ग्रीन ब्रांड एंबेसडर' मनोनीत किया है। मिल के प्रबंध निदेशक नवदीप सिंह नैन ने कहा कि प्रो. दलजीत का पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण और उनकी "ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा-ग्रीन भारत" मुहिम समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि चीनी मिल परिसर में हरियाली बढ़ाने, जैव विविधता को संरक्षित करने तथा स्वच्छ वातावरण विकसित करने में उनका योगदान सराहनीय रहा है। नैन ने कहा कि ग्रीनमैन प्रो. दलजीत के नेतृत्व और मार्गदर्शन से शुगर मील पानीपत का हरित अभियान और अधिक सशक्त होगा। मील प्रदेश की सबसे स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल चीनी मिलों में अपनी पहचान बनाएगी तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार होगा।

#### ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाने पर जताया आभार

ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने ग्रीन ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाने पर शुगर मिल प्रबंधन नैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरी स्वर्गीय माता रोशनी देवी और उन सभी लोगों का है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। शुगर मिल पानीपत के साथ मिलकर हम हरित विकास की नई मिसाल स्थापित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुखबीर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता पंकज निवासी मच्छी मौहल्ला ने 22 मई 2026 को शिकायत दी थी कि कैपिटल चौक में आरोपी कृष्णा व अन्य ने उसके दोस्त से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कृष्णा व अमन पाठक के रूप में हुई है।

### चोरी के मामले मे आरोपी काबू, एक्टिवा बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिव पैलेस अंबाला छावनी से एक्टिवा चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने 3 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल 2026 को आरोपी ने शिव पैलेस से उसकी एक्टिवा चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी जोनी को काबू कर उससे चोरीशुदा एक्टिवा बरामद की है।

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की मिलेगी सुविधा

**अंबाला।** एडीसी विराट ने कहा कि पीएम राहत योजना केंद्र सरकार की (सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय) की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय योजना है, जिसका उद्देश्य सडक़ दुर्घटना के पीड़ितों को तुरंत कैशलेस चिकित्सा उपचार उपलब्ध करवाना हैं। अतिरिक्त उपायुक्त आज उपायुक्त कार्यालय में प्रधानमंत्री राहत योजना को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहें थे। इससे पहले केन्द्र सरकार के सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली।

### सुनील अरोड़ा को मिला विद्वान रत्न सम्मान

**जींद।** द विंग्स ऑफ सुप्रीम लाइफ ट्रस्टए कुरुक्षेत्र द्वारा आज कंप्यूटर सेंटर संचालक सुनील अरोड़ा को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं समाजहित में प्रदान की जा रही उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विद्वान रत्न की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारी शिक्षाविद् राजबीर गंगोरिया एवं कृष्ण कुमार ने कहा कि सुनील ने कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान की है।

### नाबालिग से शादी रचाने के आरोप में चार दबोचे

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का विवाह करने के आरोप में पति समेत चार लोगों को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता ने गत 17 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग से सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की गर्भवती है।

## 19 साल के केशव को लगी गोली, तनाव के बाद गांव में पुलिस बल तैनात

# दुखेड़ी में गली विवाद को लेकर फायरिंग, युवक के पेट में लगी गोली

आपसी कहासुनी के बाद बढ़ा मामला, फायरिंग के बाद आरोपी फरार, हमलावर व पीड़ित है आपस में दूर के रिश्तेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। गांव में फायरिंग की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

दुखेड़ी गांव में 2 पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद फायरिंग हो गई। फायरिंग में गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार शुरू किया गया। पता चला है कि दुखेड़ी गांव में गली के ही दो पक्षों के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी। उस समय मामला शांत हो गया था लेकिन बुधवार को एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और एक पक्ष ने गोली चला दी। गोली लगने से 19 वर्षीय केशव गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके पेट में लगी जिससे वह खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित आदेश अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया है। फिलहाल उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

बताया जा रहा है कि हमलावर और पीड़ित आपस में दूर के रिश्तेदार हैं। हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद सीआईए और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टीम को घटनास्थल से एक गोली का खोल भी बरामद हुआ है। घटना के बाद किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

# गुरुद्वारा सिंह सभा में नई लिफ्ट का उद्घाटन, संगत में खुशी की लहर

- गुरुग्रंथ साहिब के चरणों में अरदास के साथ नई लिफ्ट की हुई शुरूआत, बुजुर्गों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्यों को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि ।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा भाव को समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गुरुद्वारा सिंह सभा, प्रेमनगर उगाला में नई लिफ्ट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साध-संगत, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य तथा क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। नई लिफ्ट के शुरू होने से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब में आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के चेयरमैन सरदार मक्खन सिंह लबाना ने शिरकत की। अपने कर-कमलों से नई लिफ्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार राजिंदर सिंह तथा जिला परिषद सदस्य जसविंदर सोहता सहित सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के चरणों में अरदास के साथ हुई। संगत ने नई लिफ्ट के सफल संचालन, क्षेत्र की उन्नति और सभी के कल्याण के लिए अरदास की। इसके बाद मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने विधिवत उद्घाटन कर लिफ्ट को संगत की सेवा के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। नई लिफ्ट के स्थापित होने से अब बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा और दिव्यांग जन भी आसानी से गुरुद्वारा साहिब तक पहुंच सकेंगे। मुख्य अतिथि सरदार मक्खन सिंह लबाना ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक संस्थाएं केवल आस्था का केंद्र नहीं होतीं, बल्कि समाज को सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश भी देती हैं। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और गांव की संगत को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। समारोह के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट मेहमानों को सिरोपा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दानदाताओं और सहयोग करने वाले सभी लोगों का भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में गुरु का लंगर अटूट रूप से वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। नई लिफ्ट के उद्घाटन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

## 11 से 20 जून तक पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान

- केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला परिषद् गगनदीप के मार्गदर्शन में गांव में भी स्वच्छता अभियान बारे ग्रामीणों व अन्य को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। सीईओ गगनदीप ने बताया कि 7 से 20 जून 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति जागरुकता, पर्यावरण की स्थिरता, नागरिकों की भागीदारी के दृष्टिगत 11 से 20 जून 2026 तक जिले में प्रचार अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत जिला में प्रतिदिन सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सम्बन्धी सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। धार्मिक स्थानों की साफ सफाई और ज्यादा पैदल चलने वाला रास्तों की सफाई सफाई करवाई जा रही है। इस अभियान के तहत अंबाला-1 की ग्राम पंचायत मर्दों साहिब नूरपुर, ठरवा, माजरी, साहिबपुरा खंड अंबाला-2 की ग्राम पंचायतें गरनाला, खुडा कलां, ब्राह्मण माजरा खंड बराड़ा की शेरपर, सुलखनी, धनौरा, सुलखनी में धार्मिक स्थानों की साफ सफाई और ज्यादा पैदल चलने वाला रास्तों की साफ सफाई करवाई गई।

## जिले में सात परीक्षा केंद्रों पर 2962 विद्यार्थी दोबारा देंगे नीट की परीक्षा

- परीक्षा को पारदर्शी, नकलरहित एवं सुरक्षित संपन्न करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



एआई जेनरेटेड

अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश दोबारा परीक्षा (नीट-यूजी 2026) के सफतापूर्वक आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की विस्तार से समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनः परीक्षा के लिए जिला में सात परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 2962 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजें शुरू होगी। इसलिए परिक्षार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पंहुचे ताकि फ्रिस्किंग आदि में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, व्हीलचेयर तथा अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की भी जानकारी ली। कहा कि परीक्षा को पारदर्शी, नकलरहित एवं सुरक्षित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, आरटीए सुशील कुमार, जिला समन्वयक अजीत यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुनियादी सुविधाओं पर बिजली कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

- सब डिवीजन कार्यालय के बाहर एक घंटे तक किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सब-डिविजन नंबर-2 के अंतर्गत आने वाले इंडसट्रियल एरिया में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने एकजुट होकर सब-डिवीजन कार्यालय के बाहर एक घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और मांग पूरी न होने तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि इंडसट्रियल एरिया का जो हिस्सा सब-डिविजन-2 के तहत आता है, वहां स्थिति बद से बदतर है। न तो यहां विभाग द्वारा कोई कंप्लेंट सेंटर व्हीकल उपलब्ध कराया गया है और न ही कर्मचारियों के लिए पीने के पानी जैसी बुनियादी व्यवस्था है। सबसे अधिक परेशानी का सबब पिछले आठ महीनों से लंबित कंप्लेंट रूम का मामला है। विरोध प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्याओं को अनसुना कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, वह जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन विभाग उन्हें मूलभूत सुविधाएं देने में भी विफल है। प्रदर्शन में सब-डिवीजन के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभाग को चेताया कि यदि जल्द ही सुविधाएं बहाल नहीं की गईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खेत से मोबाइल व नकदी चोरी में आरोपी गिरफ्तार

- केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

ट्यूबवेल के कमरे से नकदी व मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस आरोपी गांव पटरेहडी के रमेश कुमार को गिरफ्तार कर किया है आरोपी से मोबाइल व नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

निसार माजरा शहजादपुर के रहने वाले शोरण सैनी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 16 जून को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के करीब मै अपने खेत में काम कर रहा था इस दौरान एक व्यक्ति जो चेकदार कमीज और काले रंग की पेंट पहने हुए खेत में ट्यूबवेल के पास छुप रहा था। इसी दौरान उसका पुत्र नरेंद्र मेरी रोटी लेकर खेत में आया। उसने इस व्यक्ति को पूछा की वह यहां क्या कर रहा है। तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बेटे ने मुझे भी आवाज लगा दी। बेटे ने पहचान के लिए उसका आधार कार्ड मांगा। उसने बताया कि जब उसका बेटा ट्यूबवेल के कमरे में सामान चेक गया तो आरोपी फरार हो गया। आरोपी उसके कपड़ों से सात हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पुलिस टीम ने मामले में त्वतरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान जब्त कर लिया है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत बीएलओ कर रहे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करने का काम किया जा रहा है। इस फार्म को मतदाता साईन सहित भरना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि शैड्यूल के अनुसार सभी कार्य होने सुनिश्चित होने चाहिए। एडीसी ने बताया कि बीएलओ इस एन्यूमरेशन फार्म को मतदाता के घर देना सुनिश्चित करेंगे। उसके उपरांत परिवार का मुखिया इस फार्म को भरकर बीएलओ को देंगे। इसके अलावा मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी/निर्वाचन पंजीयन अधिकारी कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय में भी यह फार्म जमा करवा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा इस फार्म के अलावा मतदाता से किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केवल उन्हीं मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूचियों की प्रारम्भिक प्रकाशन में शामिल होंगे जिनके द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फार्म दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन से पूर्व बूथ लेवल एजेंट एक दिन में एक मतदान केंद्र पर केवल 50 फार्म ही जमा करवा सकता है। मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन 14 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।

## मेरा- तेरा छोड़ आत्मिक दृष्टि से भाईचारे की भावना अपनाएं आमजन : सरोज बहन

- विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में सरोज बहने ने भाई-बहनों को सुनाए परमात्मा के महाकाव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम सेवा केंद्र, कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रातः मुरली क्लास में सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने सभी बीके भाई-बहनों को परमात्मा के महावाक्य सुनाते हुए कहा कि वर्तमान समय में मनुष्यों को देह-अभिमान छोड़कर आत्म-अभिमानी बनने का विशेष पुरुषार्थ करना चाहिए। सच्चे राजयोगी वही हैं जो एक परमात्मा पिता की याद में रहकर पवित्रता को धारण करते हैं और माया रूपी रावण की दलदल से स्वयं को मुक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव बाबा स्वयं आकर मनुष्य आत्माओं को सही राह दिखाते हैं तथा सुखधाम और शान्तिधाम की प्राप्ति का मार्ग बताते हैं। परमात्मा की याद से विकर्मों का विनाश होता है और आत्मा पुनः अपने मूल पवित्र स्वरूप को प्राप्त कर लेती है। इसलिए जीवन में "मैं आत्मा हूँ" का अभ्यास बढ़ाना और मेरा-तेरा के भाव को समाप्त करना आवश्यक है। सरोज बहन ने कहा कि आज का मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं और भौतिक उपलब्धियों के पीछे भागते हुए मानसिक तनाव, अशांति और असंतोष का शिकार होता जा रहा है। ऐसे समय में राजयोग ध्यान आत्मिक शक्ति प्राप्त करने का सरल एवं प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब आत्मा परमात्मा से योग लगाती है तो उसके भीतर सकारात्मकता, धैर्य, प्रेम, करुणा और सहनशीलता जैसे दिव्य गुणों का विकास होता है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कुछ समय ईश्वर स्मृति में बिताने, श्रेष्ठ संकल्प करने तथा अपने व्यवहार में मधुरता लाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संसार के भौतिक आकर्षण, इच्छाएँ और आसक्तियाँ ही माया की दलदल हैं।

### जर्जर भवन अचानक ढहने से दो लोग मलबे में दबकर जख्मी, अस्पताल में दाखिल करवाए

**अंबाला।** शहर के दोखंभा चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी में रात को करीब 70 साल पुराना जर्जर भवन गिर गया। इस हादसे में भवन के पास मौजूद दो लोग मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों में पुरानी सब्जी मंडी के 22 वर्षीय सब्जी विक्रेता राकेश कुमार और रामनगर के 65 वर्षीय कश्मीरी लाल शामिल हैं। अचानक हुए इस हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है जो बचाव कार्य में जुटी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** चोरी के दो अलग-अलग मामलों में अम्बाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता शोरण ने 16 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी ने शहजादपुर माजरा से नकद राशि व मोबाइल चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस माले में संलिप्त आरोपी रमेश कुमार निवासी गांव पतरेहड़ी को गिरफ्तार किया है। दूसरा मामला, थाना पंजोखरा साहिब का है। यहां शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने 22 जुलाई 2025 को शिकायत दी थी कि 21 जुलाई 2025 को आरोपी ने गरनाला बैंक से 24 लोहा प्लेट चोरी की है।

## पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे सभी प्रकार के सहायक उपकरण

# पंजीकरण शिविर में 394 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक हुए लाभान्वित

लाभार्थियों की आवश्यकताओं का किया आकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पंजीकरण के लिए पहुंचे दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक।

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं एलिम्को के सहयोग से बुधवार को जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और लगभग 394 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं मूल्यांकन किया गया। इस शिविर के दौरान एल्मिको की विशेषज्ञों की टीम ने लाभार्थियों की आवश्यकताओं का आकलन किया तथा व्हीलचेयर, सुनने की मशीनयंत्र, कृत्रिम अंग और बैटरी चालित ट्राइसाइकिल सहित अन्य सहायक उपकरणों की जरूरत के अनुसार पात्र लाभार्थियों की पहचान की। पंजीकृत लाभार्थियों के दस्तावेजों और मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही सहायक उपकरण उपलब्ध करवायें जाएंगे। इस शिविर में पहुंचने वाले दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके परिजनों के लिए बैठने, पेयजल और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे दूर-दराज से आए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कल्याण कार्यक्रम का लोग उठा रहे लाभ

नवीन जिन्दल फाउंडेशन के टीम ने पूरे कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की सहायता की। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का सदैव प्रयास रहा है कि समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्गों तक सहायता समय पर पहुंचे। इसी उद्देश्य से यह पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में पंजीकृत एवं पात्र पाए गए लाभार्थियों को जल्द ही एक कार्यक्रम में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में नवीन जिन्दल फाउंडेशन जनसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की सहायता कर रहा है। इस शिविर में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम, एलिम्को की तकनीकी टीम और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों के पंजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।